एक नजर में

आज होगी श्री स्वर्णगिरिराजजी की परिक्रमा

उज्जैन। आज 1 नवंबर शनिवार को देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर श्री स्वर्णगिरिराज जी परिक्रमा स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चरणमया चिरमिया से प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगी। जो पूर्वमुखी वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा श्री राम बालाजी धाम महू श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम चरणमया पहुंचेगी। इस बार परिक्रमा में मां चामुंडा बिजासन टेकरी महिदपुर वाले माताजी का सानिध्य भक्तों को प्राप्त होगा। साथ ही पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण बहादुर सिंह बोरमुंडला अपने कार्यकर्ता, 84 महादेव मित्र मंडली, जिला एवं नगर के जनप्रतिनिधि अन्य समिति व संगठन भक्त मंडल, गोवर्धन पर्वत समिति एवं मथुरा से श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। जय भारत टीम द्वारा इस दिन भोजन प्रसादी की विशेष व्यवस्था की जाएगी। श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने श्रद्धालुओं से परिक्रमा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

2 नवंबर को दूध तलाई स्थित साप्ताहिक हाट बाजार नहीं लगेगा

उज्जैन। 2 नवंबर रविवार को परंपरागत रूप से नगर कीर्तन जुलूस का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई से किया जाना है। इस दिन रविवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार नहीं लगेगा। इस हेतु बुधवार एवं गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजारो में उक्त सूचना की मुनादी नगर निगम द्वारा करवाई गई है। इसलिए सभी शहर वासियों को सूचित किया जाता है कि 2 नवंबर रविवार को दूध तलाई पर लगने वाला साप्ताहिक रविवार हाट बाजार नहीं लगेगा।

मोगिया आदिवासी विकास परिषद तहसील अध्यक्ष नियुक्त

घट्टिया। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के शाखा मध्यप्रदेश अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते एवं प्रदेश महासचिव डीएस मरकाम की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष सुरेश पंवार ने गोर्वधन मोगिया पिता मांगीलाल मोगिया निवासी कालूखेड़ी, तहसील घट्टिया को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद घट्टिया तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया।

सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित

घट्टिया। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती व प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41 वीं पुण्यतिथि पर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल द्वारा जगोटी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता करते हुए जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने दिवंगत नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनन्त शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल व इंदिरा जी ने आजादी की लड़ाई के साथ देश की एकता, अखंडता व सौहार्द के लिए अविस्मरणीय कार्य किए।

रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन किया

महिदपुर। शुक्रवार सुबह 8 महिदपुर नगर के विजय स्तंभ से अंबेडकर चौक तक पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा के निर्देशन में लोहा पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर महिदपुर में रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश फैलाना है। पुलिस अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों, छात्राओं और स्थानीय युवाओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर अंबेडकर चौक पर सभी को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस का मानना है कि यह आयोजन न केवल युवाओं में देश प्रेम और एकता की भावना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और सहयोग का संदेश भी देगा।

नगर निगम के विशेष सम्मेलन में 14 प्रस्तावों को दी सर्वानुमति से स्वीकृति

उज्जैन। शुक्रवार को निगम का विशेष सम्मिलन निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता एवं महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

सम्मिलन में कार्य सूची के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यसूची के प्रस्ताव क्रमांक 1 से 8 को 30 अक्टूबर को आयोजित विशेष सम्मिलन में स्वीकृति प्रदान की गई। सीसीआईआईएस 2.0 अन्तर्गत मेचिंग ग्रांट प्रदान किये जाने की सक्षम स्वीकृति के सम्बंध में प्रस्तुत प्रस्वात को स्वीकृति प्रदान की गई। यूसीटीएसएल में कार्यरत कर्मचारियों को उज्जैन नगर निगम से वेतन भुगतान किये जाने के सम्बंध प्रस्तुत प्रस्ताव को पूरक प्रस्ताव के अनुसार सदन की सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। वाटर सप्लाय वर्कस फॉर उज्जैन सिंहस्थ 2028 कार्य की दरों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को एमआईसी के ठहराव के क्रम में सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। जनसम्पर्क विभाग की विभिन्न मदों में पुर्नविनियोजन किये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को अधिकृत अध्यक्ष नीलम राजा कालरा द्वारा सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। आत्म निर्भर भारत संकल्प हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अन्तर्गत सर्वानुमति से केन्द्र सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मिलन में नेता प्रतिपक्ष रविराय, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, डॉ. योगेश्वरी राठौर, सत्यनारायण चौहान, अनिल गुप्ता, झोन अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहर, सुशील श्रीवास, गब्बर भाटी, नीलम राजा कालरा, राजेन्द्र कुंवाल, सपना सांखला, माया राजेश त्रिवेद्वी, प्रेमलता रामी सहित अन्य पार्षदगणों द्वारा चर्चा में भाग लिया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

महिदपुर। शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति युवाओं में जागरूकता लाना था।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एनसीसी अधिकारी एवं भूगोल विषय के प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर मिश्र ने भारत के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ तब देश के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती थी रियासतों के विलय की। ऐसे समय में सरदार पटेल ने अपने अद्वितीय राजनीतिक कौशल और दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए इस जटिल समस्या का समाधान किया। उन्होंने रियासतों के शासकों को भारत में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया। उनके अथक प्रयासों से लगभग 565 भारतीय रियासतें भारतीय संघ में एकीकृत हो सकीं। इस प्रकार भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं अखंड भारत की नींव रखने वाले लौह पुरुष का व्यक्तित्व हमें राष्ट्रभक्ति का अमर संदेश देता है। एनएसएस अधिकारी एवं हिंदी विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम सिंह ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार पटेल के व्यक्तित्व से हमें अंत:करण से निर्मलता, निर्भीकता, साहस व दृढ़ इच्छा शक्ति की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता पर आधारित पोस्टर निर्माण एवं निबंध स्पर्धा में उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों में डॉ. नानूराम मुवेल, डॉ. शालिनी विजयवर्गीय, हुंमेरा खान, मोनिका बैरागी, डॉ. नैना तिवारी आदि के साथ ही विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार पंचायत न्यास का दीपावली मिलन समारोह

उज्जैन। आंवला नवमी पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार पंचायत न्यास उज्जैन द्वारा अध्यक्ष अरविंद वर्मा के नेतृत्व में अंकपात स्थित वैदेही गार्डन में अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अन्नकूट महोत्सव के दौरान रंगोली, चेअर रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यहां समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने विभिन्न तरह की आकर्षक रंगोलिया बनाई। साथ ही चैयर रेस सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

रंगोली प्रतियोगिता का समाज के अध्यक्ष अरविंद वर्मा एवं समाज जनों ने जज की भूमिका निभाते हुए अवलोकन किया। अन्नकूट महोत्सव के दौरान माता अंबे एवं पित्र पुरुष अज़मीढ महाराज को 56 पकवानों का भोग लगाकर महाआरती सम्पन्न की गई। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। यहां समाज अध्यक्ष अरविंद वर्मा, महिला अध्यक्ष मनोरमा मौसुण, आशीष दसनिया एवं समाजजन का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर कृष्ण भवण, सचिव आनंदीलाल सोनी, कोषाध्यक्ष मोहनलाल आर्य, आशीष दसानिया, राजेश मोसुन, हरीश रोड़, देवेंद्र रुगरेचा, गजेंद्र देवाल, विजय कुकरा, मनोरम मौसूण, शोभा सोनी, तारा सोलिवाल, रतना अगोरया, भावना रोड़ा, भावना भामा, चन्द्रकान्ता सरडीवाल, गजेंद्र देवाल, उमाशंकर जंगलवा, शशिकांत रोड़ा, राजेश रोड़ा, हरीश रोडा, आशीष साड़ीवाल सहित समाजजन उपस्थित रहे।

बैठक में रसोई केन्द्र का आधुनिकीकरण करने का निर्णय

महिदपुर। दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत अनुश्रवण समिति की बैठक नगरपालिका कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें सभापति अजय हिंगे, एसडीएम तथा सदस्यगण नानीबाई ओमप्रकाश माली, अध्यक्ष नगरपालिका, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, वर्धमान गादिया अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष, मोहन खर्या, सब्जी व्यापारी संघ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा सदस्यों को स्वागत किया गया तथा दीनदयाल रसोई केन्द्र संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं शासन प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम रसोई केन्द्र का आधुनिकीकरण किए जाने संबंधी चर्चा की गई। चर्चा उपरांत समिति द्वारा रसोई केन्द्र के आधुनिकीकरण हेतु स्टेनेलेस स्टील के कुर्सी व टेबल का निर्माण, रोटी बनाने की मशीनरी, पेयजल वाटर कूलर, बर्तन, वाश बेसिन क्रय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सिंधी समाज ने लगाया भगवान झूलेलाल को छप्पन भोग

- **गजानंद, लक्ष्मी पार्वती, लक्ष्मी नारायण एवं हिंगलाज माता को भी लगाया छप्पन**

उज्जैन। गीता कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल को मंदिर के अध्यक्ष मोहन वासवानी के मार्गदर्शन में 56 भोग अनुकूट लगाया गया। साथ ही गजानंद, लक्ष्मी पार्वती, लक्ष्मी नारायण एवं हिंगलाज माता को भी छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई।

सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि समाज के हर वर्ग द्वारा अपनी श्रद्धा अनुसार तरह-तरह के पकवान नमकीन, फल फरूट, ड्राई फरूट सहित कई तरह के अलग-अलग व्यंजन मंदिर में लाकर व्यवस्थापक वर्षा आडवाणी, चांदनी तोलानी, लोकेश आडवाणी, किशन देवनानी, जय किशन राजवानी, हरीश आडवाणी, राजेश नाथनी, किशोर बेलानी, प्रदीप लालवानी, नारायण उदासी, गोवर्धन लाल आदि सदस्यों एवं पदाधिकारी के सहयोग से 56 भोग लगाया गया। भगवान झूलेलाल के मंदिर को आकर्षक स्वरूप में सजाया। 56 भोग की महक से पूरा मंदिर परिसर महक उठा। लक्ष्मण भैया द्वारा बहराना साहब पर गीतों की ऐसी धूम मचाई की सभी भक्त भगवान झूलेलाल के जयकारे के साथ नाचने लगे। महा आरती के पश्चात महा प्रसादी का भी आयोजन किया गया।

छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी, पेन प्रदान किए

- **लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वी पुण्यतिथि मनाई**

उज्जैन। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वी पुण्यतिथि पर छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी, पेन प्रदान किए गए।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि देश के पहले गृहमंत्री, लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अहमदनगर स्थित माहेनूर हाल में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग कॉपी, पेन, प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का स्मरण करते हुए अपने उद्बोधन में कहा सरदार पटेल ने देश की बिखरी हुई रियासतों को अपने कुशल नेतृत्व से भारत में विलय कर देश को अखंड भारत बनाया। अनेक स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। आप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश के लिए अनेक बार जेल गए आपका योगदान यह देश कभी भुला नहीं पाएगा। मौलाना इकबाल, शाकिर शेख, अनुदीप गंगवार, इकबाल उस्मानी ने स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और नासिर मंसूरी ने दी।

एक नजर — **न्यायाधीशगण व अभिभाषकों का दीपावली मिलन सम्पन्न**

ज्ञान का ऐसा दीप जलाना है कि न्याय प्राप्त करने से कोई भी वंचित नहीं रहे : न्यायाधीश गुप्ता

उज्जैन। अभिभाषक संघ के सभाकक्ष में अध्यक्ष ओम सारवान की अध्यक्षता तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी. सी. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं उपप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार गुप्ता के विशेष आतिथ्य में न्यायाधीशगण व अभिभाषक सदस्यों का दीपावली मिलन समारोह रखा गया।

कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता ने किया तथा आभार सचिव डॉ. प्रकाश चौबे ने माना। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति का सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र प्रतिष्ठित अधिवक्ता किरण जुनेजा, हरदयालसिंह ठाकुर व प्रेम जोशी को बार-बेंच द्वारा भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि बार-बेंच को ज्ञान का एक ऐसा दीप जलाना है कि न्याय प्राप्त करने से कोई भी वंचित नहीं रहे। अध्यक्ष ओम सारवान ने अभिभाषकों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि एक बडे हॉल निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसका लाभ अधिवक्ताओं को मिलेगा। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहसचिव सुमनलता चौऋषिया व संदेश परिहार, कार्यकारिणी रवि शर्मा, गुंजन गोयल, वंदना जैन कुचेरिया, आरती सिंह, भारत मालवीय, प्रभा बैरागी, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, अशोक यादव, संदीप मेहता, हेमन्त उपाध्याय, तनवीर उपाध्याय, सुशील गोठवाल, अजीत वर्मा, प्रदीप जायसवाल, गजेन्द्र कुशवाह, हरीश राठौर, नितिन जोशी सहित बडी संख्या में अभिभाषक सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता ने दी।

In The Court of Civil Judge Class-I, Teh Nagda District Court, Ujjain Presiding Officer: श्री मनीष पाण्डेय

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000012/2025)
रेखा..... आवेदक
Vs
सर्वसाधारण..... अनावेदक

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

Process Id-/2025
पेशी दिनांक :- 26/11/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रेखा पति स्व बलरामजी खजुरिया एवं शिवांगी पुत्री स्व बलराम जी खजूरिया निवासीगण 01 एम जी रोड नागदा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश द्वारा अपने पति/पिता स्वर्गीय बलराम जी खजूरिया जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संभागीय / क्षेत्रीय कार्यालय नागदा में पदस्थ थे उनकी मृत्यु पश्चात उनकी बीमा राशियां एवं नौकरी से प्राप्त लाभ अर्थात ग्रेच्यूटी आदि अन्य वित्तीय लाभ मय ब्याज के स्व बलराम जी खजूरिया के प्रथम श्रेणी के राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 November 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 November 2025को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 29 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(मनीष पाण्डेय)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
नागदा जिला - उज्जैन (म.प्र)